# आज के दिन पावित्रशास्त्र का यह लेख पूरा हुआ

आपको धन्यवाद, भाई देमास, भाई कार्ल शेकरियन, या, देमोस शेकेरियन, और भाई कार्ल विलियम्स और सारे प्रतिनिधि। मैं इस भाई को धन्यवाद देता हूं, यहां हलवाहा, अभी प्रगट किया जो मैंने चाहा, आज रात्रि, कि उसने मेरी बात मुझ से सीधे–सीधे ले ली। क्योंकि, मैंने इसमें आनंद किया, मैं विश्वास करता हूं, यह बेदारी किसी भी बेदारी से बढ़कर है जिसमें कि मैं कभी हुआ। मैंने कभी भी किसी बेदारी में, इतनी सहस्तरता नहीं देखी और ऐसी वास्तविक संगति और भाईचारे का प्रेम। दूसरी चीज जो मैंने की है, मैं बहुत सारे नए स्वर्गीय प्रतिनिधियों से मिला हूं, नये भाई, मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ कि मैंने उन से हाथ मिलाया और बातें की।

2 अभी कुछ रात्रियों पहले, मैं बैपटिस्ट भाई को सुन रहा था जो वहां बैठा है। मुझे उसका नाम याद नहीं आ रहा। [भाई शेकरियन कहते हैं, "इरविन।"—सम्पा।] इरविन। और वह मेरे पास एक कार्ड लाया... मैं विश्वास करता हूं कि यह उसकी मौसी का है, जो आज रात्रि यहां पर बैठी है। उसने यह कार्ड लगभग बीस वर्षों से रख रखा है।

3 वह बीमारी से मर रही थी, जब उन्हें सभा में लाया गया, वह हो सकता है कि डॉक्टर इसकी व्याख्या कर सकें कि यह क्या है। यह कुछ कोढ़ के समान था, परंतु यह कोढ़ नहीं था। आप केवल... एक शल्यचिकित्सा थी, वे वहां से एक प्रकार की रस्सी काट सकते थे, या ऐसे ही कुछ, परंतु वह पेड़ के समान हो जाती है, उसे वहीं पर बैठे रहना पड़ता है। जबकि वह वहां बैठी हुई थी संभवत: उनको प्रार्थना पत्र को नहीं बुलाया गया या कुछ नहीं प्रार्थना पंक्ति में ना आ पायी, पवित्र आत्मा ने मुझे उनकी ओर निर्देशित किया। और वह आज रात्रि यहां वापस आई है, चंगी है और हम इसके लिए बहुत ही धन्यवादित है। वो...

4 [भाई शेकरियन कहते हैं, "भाई, मैं सोचता हूं—मैं सोचता हूं कि हावर्ड इरविन वहां आपसे बात कर रहे थे, परंतु मैं सोचता हूं कि मौसी

यहां पर है। हम उन्हें खड़ा कर सकते हैं।"—सम्पा।] उनकी वो—वो मौसी... ["वहां है। वह अपना हाथ हिलाए। अपना हाथ हिलाए।" सभा ताली बजाती है।]

5 मेरी बहन, परमेश्वर आपको आशीष दे, परमेश्वर के पुत्र में आपके सहासी विश्वास के लिए। होने पाए कि वह आपको जब तक घर नहीं बुलाता स्वस्थ रखें, जब यह मरणहार, अमरण को पहन लेगा। मैं इसके लिए बहुत ही धन्यवाद हूं यह सोच कर कि उन्होंने यह प्रार्थना पत्र इन वर्षों में रखे रखा, और यहां मेरे पास लाई है और आज रात्रि मुझे दिखाया। आप जानते हैं, मैं कह रहा था, यह उसके साथ समान है जैसे पानी पर रोटी, जब आप किसी के लिए कुछ करते हैं तो यह आपके पास वापस आता है।

6 अब, मुझे इन बहुत सारे सेवकों से मिलने का भी विशेषाधिकार मिला, और निश्चय ही मैं उनकी अच्छी संगति के लिए सराहना करता हूं, इस सहयोग के लिए। भाई कार्ल ने मेरे लिए अगले वर्ष वापस आने के लिए मुझसे घोषणा की, यदि प्रभु ने चाहा और हम यहां पृथ्वी पर हुए। और, भाई, मैं अगले वर्ष फिर से सबसे मिलने की आशा करता हूं, और प्रत्येक अपने साथ एक प्रतिनिधि लेकर आए और पत्नी के साथ।

7 अब बस एक बात है जो मैं कहना चाहता हूं, इस विषय में थोड़ा कुछ, हो सकता है क्षण भर के लिए।

8 क्योंकि, डॉक्टर रीड को आगे बोलना है, और मैं आज रात ही यहां पहुंचा हूं, मैं दो सौ पचास मील चला हूं ताकि मैं... डॉक्टर रीड को सुनने के लिए यह यात्रा की है। और अभी कुछ क्षण पहले कुछ घटित हुआ कि मैं... परंतु—परंतु डॉक्टर रीड को, उन्हें सुनने के लिए मैं हजार मील भी गाड़ी चलाता। परंतु कुछ... जब से मैं यहां पर हूं, मैं हजार मील भी गाड़ी चलाता, केवल यह सुनने के लिए जो मैंने थोड़ी देर पहले सुना था, बहुत ही आश्चर्यजनक बात, कुछ ऐसा जो मांस और लहू प्रकट नहीं कर सकता था। इसे करने के लिए पवित्र आत्मा लेना होता है। और किसी को देख कर जो मेरी जीवन में इस प्रकार से साहस बंधाता है, और निश्चय ही मैं अपने बाकी जीवन में बहुत ही आभारी रहूंगा।

9 जो मैं कहना चाहता था—था, यदि मुझे कभी डॉक्टर से शल्यचिकित्सा करनी पडे, तो डॉक्टर रीड आप—आप मेरे पास जल्द

आ जाना। मैं—मैं ऐसे मनुष्य पर शल्यचिकित्सा याने ऑपरेशन के लिए विश्वास कर सकता हूं, यदि मुझे कभी करना पड़ा, वे हाथ जो परमेश्वर पर विश्वास करते हैं, वे—वे ही होंगे जिन्हें मैं चाहता हूं कि मुझ पर कार्य करें। और इसलिए हम... मैं विश्वास करता हूं कि मुझे यह कभी नहीं करना पड़ेगा। परंतु यदि मेरा होता है तो मैं चाहूंगा कि वह, या उसके समान व्यक्ति कार्य करें यदि वह वहां नहीं हो सकते है।

10 मेरे पास पिछली रात घटित होने के लिए कुछ था, कि वह, या बीते कल दोपहर पश्चात, बल्कि, यह मेरे लिए वास्तव में एक अजीब प्रकार की चीज थी। और मैं संक्षिप्त करूंगा, क्योंकि मैं अपने भाई का समय नहीं लेना चाहता, जैसे कि अब वह बोलने वाला है। परंतु मैं समझता हूं यह एक प्रकार से मेरी सेवकाई के लिए सम्पूरक है।

11 मैंने—मैंने छोटी–छोटी बातें देखी है। मेरे लिए छोटी–छोटी बातों का अर्थ होता है। मैं ऐसा विश्वास नहीं करता कि एक मसीही के लिए कोई भी चीज अकस्मात घटित हो जाती है। मैं सोचता हूं कि यह परमेश्वर की ओर से ठहराई हुई होती है, क्योंकि यीशु ने कहा वह सारी बातों को मिलाकर उनके लिए भलाई उत्पन्न करेगा जो उस से प्रेम करते हैं। इस प्रकार से इसलिए मैं विश्वास करता हूं कि हर छोटी बात इस छोटी नम्र सेवकाई में—में जो उसने मुझे दी है, कि मैं आप लोगों की सहायता करूं, प्रत्येक की सहायता करूं और आप सब मेरी सहायता करते हैं, एक दूसरे की सहायता करते हैं कि महिमा को पहुंचे। इन सब छोटी–छोटी बातों में मेरे लिए कुछ अर्थ होता है। परंतु मेरे लिए यह बीते कल विश्वास करना कठिन था, जब मैंने अपना मूल पाठ यहां पर खो दिया। मैं—मैं आपको बताता हूं, मैं अपने जीवन में कभी भी इतना दुविधा में नहीं पड़ा। और, तब, मेरी—मेरी पत्नी ने मुझे बड़े दिन पर एक नई बाइबिल दी थी।

12 मेरी पुरानी वाली फट गई थी। अब उसे मेरे पास लगभग बीस वर्ष हो गए हैं, वह है जो कि मुझे हॉस्टन गोस्पल टेबरनेकल के लोगों के द्वारा दी गई थी, बहुत वर्षों पहले जब मैंने अभियान आरंभ किए थे। और इसलिए मैं केवल, मैं इसे इतना संजो के रखता हूं और मैं... सागर पार करने वाले पर्चे और पन्ने और उसके आस पास, जब तक कि मैं... यह बाहर निकल कर गिरने नहीं लगे। और हो सकता था कि मैं उत्पत्ति में एक पृष्ठ लेता, और उसे पीछे व्यवस्था विवरण में ढूंढता, आप जानते हैं कि मैंने इसे पीछे

बाईबल में कहां पाया था। इसलिए, बड़े दिन पर वह मेरे लिए एक लाई। और मैं पुरानी पुस्तक को एक ओर रखना पसंद नहीं करता, यह मुझे बहुत प्रिय थी। और मैंने कहा, "यदि यीशु के आने से पहले मैं चला जाता हूं तो इसे मेरे ऊपर रख देना। और इसे मेरे साथ गाड़ देना, जब हम आयेगे तो मैं इसके साथ आऊंगा।" ताकि फिर, यह मेरा विचार है, जो भी है।

13 जैसे कि मैं एक छोटी कहानी सुनाया करता हूं। आशा करता हूं कि यह अपवित्रीकारी या धर्म विरोधी नहीं है। परंतु मैं वहां गया... एक बार एक व्यक्ति ने मुझे बताया, मैं विश्वास करता हूं कि वह भाई अर्ल प्रिकेट थे, न्यूयॉर्क में एक सभा थी; और मैं एक व्यक्ति से मिला, उसने कहा, "एक प्रचारक होने के नाते, तुम इन व्यापारियों के साथ क्या कर रहे हो? "

मैंने कहा, "मैं एक व्यापारी हूं।"

और उसने कहा, "आपका किस प्रकार का व्यापार है? "

14 मैंने कहा, "भरोसा दिलाने का या एशोरेंस।" उसने सोचा कि मैंने "बीमा" कहा है, आप समझे। इसलिए मैंने कहा, "विश्वास दिलाने का।"

उसने कहा, "ओह, आप किस प्रकार का बीमा बेचते हैं? "

15 मैंने कहा, "अनंत जीवन।" अनंत! कहा, "मैं इसे नहीं बेचता। मेरे पास भी एक बीमा पॉलिसी है, मेरे स्वयं के पास, और मैं दूसरों को इसको लिख कर देता हूं।"

16 मुझे एक लड़का स्मरण है एक समय मैं उसके साथ विद्यालय गया था और बीमा बेचने वाला था। अब, बीमा ठीक है, परंतु मेरा कोई नहीं है। तब, इसलिए वह मेरे घर पर आया, और उसने कहा, "बिली, मैं तुम्हें कुछ बीमा पॉलिसी बेचना चाहता हूं।" कहा, "मैं तुम्हारे भाई को जानता हूं।" मेरा भाई महानगर में बेचता है। उसने कहा, "अच्छा," बोला, "मैं आपको कुछ बीमा पॉलिसी बेचना चाहता हूं।"

मैंने कहा, "ओह, विलमर आपको धन्यवाद।"

17 और आप... आज रात्रि वह यहां हो सकता है, उसका भाई, वो ध्यान कुटीर *अपर रूम* के लिए लेख लिखता है, वह *अपर रूम* पुस्तक। इसलिए वह...

मैंने कहा, "मेरे पास पक्का भरोसा है।"

उसने कहा, "क्या? "

18 और मेरी पत्नी ने मेरी ओर देखा जैसे कि मैं कोई ढोंगी हूं। उसने... और मैंने कहा... इसलिए उसने कहा, "बिली? "

और मैंने कहा, "हां, ओह, मेरे पास एशोरेंस यानी भरोसा है।"

19 और उसने कहा, "ओह, मुझे—मुझे खेद है," बोला, "मुझे नहीं मालूम था... मैंने सुना था कि तुम्हारे पास कोई इंश्योरेंस याने बीमा नहीं है।"

और मैंने कहा, "नहीं. मेरे पास एशोरेंस यानी भरोसा है।"

20 और—और उसने मुझे पकड़ लिया, मैंने तब जो कहा। वह बोला, "आपने क्या कहा? "

"मैंने कहा, 'भरोसा यानी एशोरेंस।'"

और उसने कहा, "आपका क्या अर्थ है? "

21 मैंने कहा, "धन्य भरोसा यीशु मेरा है; ओह, आने वाली दिव्य महिमा का क्या ही स्वाद है! मैं उद्धार का वारिस हूं, परमेश्वर द्वारा खरीदा गया; उसके आत्मा से जन्मा, उसके लहू से धोया गया।"

22 उसने कहा, "बिली, आप जानते हो कि मैं इसकी सराहना करता हूं।" कहा, "यह बहुत अच्छी बात है। परंतु," कहा, "पुत्र, यह तुम्हे कब्रिस्तान में नहीं पहुंचायेगा।"

23 मैंने कहा, "परंतु यह मुझे वहां से निकालेगा।" मैं डरता नहीं... [भाई ब्रन्हम और सभा हंसती है—सम्पा।] मैं वहां पहुंचने के लिए परेशान नहीं हूं; यह बाहर निकलने के लिए, देखिए। इसलिए मैं सोचता हूं कि हम इस विषय में ऐसा अनुभव करते हैं।

24 पिछली सांझ, मैंने जब वह नई बाईबल उठाई, और मैं उस मूल पाठ को नहीं ढूंढ सका। और मैंने वह नई बाईबल उठाई। और मैं पुराने से पढ़ रहा था, और मैंने नया वाला लिया और अपनी बगल में लगा कर यहां आ गया। और मैंने उस वाले स्थान को निकाला, और मैंने सोचा, "अच्छा, मैं विश्वास करता हूं, कि ये यहां यहुन्ना 16:21 में था," और पढ़ने में वह बिल्कुल वह नहीं था।

मैंने भाई मुर से कहा, "क्या यह यहीं पर है? " "जी हां।"

25 और मैंने पलट कर देखा और यह वहां नहीं था। इसलिए मैंने सोचा, "कि, उन्होंने पन्ना लगाने में चूक कर दी, पन्नों में—पन्नों में।"

26 तब मेरा भाई यहां आया, भाई स्टैंली वह यहां आया; बल्कि बिशप स्टैंली। और मैं नहीं जानता था कि उस व्यक्ति का क्या अर्थ था... यधपि, यह इतना तसल्ली देने वाला था। वह मेरी ओर चलकर मेरी बगल में आया, और उसने कहा, "भाई धैर्य रखें, संभव है, परमेश्वर कुछ करने जा रहा है।" समझे? और इससे मेरा साहस बंधा यह सोचकर कि वह कहेगा कि।

27 मुझे आश्चर्य है यदि वह अनुभव करें कि उसने भविष्यवाणी कर दी? परंतु उससे कुछ क्षण पहले बात कर रहा था, यहां आने से थोड़ा सा पहले, मुझे निश्चय है, कि उसने की थी।

28 इसलिए मैं इसे अपने संदेश *जच्चा की पीडाओं* में लाया था, और आदि–आदि। और मेरे करने का सीधा–सीधा तरीका, लिली के विषय में; और कैसे यह जन्म लेती है और उत्पन्न होती है, और ऊपर आती है, और सूर्य तक पहुंचती है, ओस की बूंदे और आदि–आदि। और तब उसका सड़ना जो कि उसका मर जाना है, बल्कि उसका जन्म लेना, कि बाहर निकल कर आए। और मैं कलीसिया का चित्रण करने का यत्न कर रहा था।

29 जैसे कि यहां डॉक्टर यदि वह रोगी का इलाज करता है। हमारे पास आज डॉक्टर है जो कहते हैं, "आप अपने पैर की एड़ी के पीछे रगड़े, और अपने मुख पर के कैंसर को चंगा कर ले, आप समझे।" परंतु एक अच्छा डॉक्टर इस प्रकार की बातों को नहीं सुनेगा। वह रोगी का इलाज उस पुस्तक के अनुसार करेगा जो वह चिकित्सा की खोज पर पढ़ रहा है।

30 और इसी प्रकार से मैं रोगी के इलाज करने का यत्न करता हूं। जब मैं कलीसिया को बीमार देखता हूं, मैं उन्हें यह बताने का नहीं करता कि उन्हें फिर से हाथ मिलाने की आवश्यकता है या कुछ और, एक नई संस्था। मुझे उनका इलाज पुस्तक के अनुसार करना है जो मैं—मैं जानता हूं, देखा। और इस प्रकार जब मैं देखता हूं कि कलीसिया, लगता है छोटी खसरा से टूट जाएगी, मैं उसी ठीक उसी नुस्खे को लेना चाहता हूं जो मैं सोचता हूं यह ठीक है और खसरे के लिए, कलीसिया से बाहर निकल कर; जब मैं देखता हूं कि इसमें पाप पनप रहा है, यह उसी प्रकार से है!

31 मैंने ऐसाव और याकूब कि तुलना करने का यत्न किया, और तब समयो को कम किया। और मैं उस में नहीं जाऊंगा। परंतु मैं इसको प्रयोग करने के लिए अपने वचन के अंतिम भाग में लेकर आता हूं, तुलना कर रहा था, वचन से अलग नहीं, परंतु जैसा यीशु मसीह ने कहा कि यह होगा, मुख्य

डॉक्टर ने क्या कहा कि कलीसिया की स्थिति क्या होगी, इन अंतिम दिनों में, "यह लौदीकिया की होगी; धनी, अंधी, नंगी, निर्धन कलीसिया," और इसकी तुलना सादोम के दिनों से होगी। अब, हम जानते हैं कि यह सत्य है। यदि आप इसे ऐतिहासिक रूप में देखे, पहले वह नूह के दिनों में लाया, और तब सादोम के दिनों को। और इसी प्रकार से इसने यात्रा की उसी प्रकार से।

32 और इतिहास ने स्वयं को बहुत बार दोहराया है, इतिहास करता है—करता है, और ऐसे ही बाईबल की प्रतिज्ञाये। उदाहरण के लिए, जैसे कि मत्ती 3, जहां यह कहा गया, "अपने पुत्र को मैंने मिस्त्र से बुलाया।" अब यदि आप इसके संदर्भ को इस पर चलाये यह याकूब था, उसका पुत्र, उसने मिस्त्र से बुलाया; वह उसका लगभग पुत्र था। परंतु उसका महान पुत्र, यीशु, को भी मिस्त्र से बुलाया गया। इसलिए यह इसका एक—एक संयुक्त उत्तर था।

33 इसलिए, और जैसे की देख रहे हैं वे इस विषय में साथ बातें करते हुए गए और तब मैंने इस पर अपने विचार लिए। और मैं इससे बाहर चला गया... प्रचार मंच से हटा, और चला गया। मेरे बालक घर जा रहे थे, यहीं कहीं पर ठहरना चाहते थे, कि सैंडविच ले। और मैं अंदर गया, पत्नी ने कहा, "बिली, मैं इतनी अधीर थी, मैं नहीं नहीं समझ सकी कि क्या करूं।" कहा, "मैंने आपको वह बाईबल दी।"

34 मैंने कहा, "तुमने इसे कभी नहीं लिखा, और तुमने इसे एक साथ नहीं जोड़ा, प्रिय।"

35 उसने कहा, "परंतु यह सोचकर, मैंने—मैंने आपको एक—एक बाईबल दी और उसमें कमी थी।"

मैंने कहा, "भाई, हो सकता है यह नहीं था।"

36 और इसलिए एक बालक ने इसे उठाया, और हम इसके पृष्ठों को अनुभव करते। नहीं, यह ठीक दिखाई पड़ी। परंतु ठीक नीचे की ओर यह दोनों पृष्ठ आपस में चिपके हुए थे, देखिए, और 16 वां अध्याय इस ओर था और तब 16 वां अध्याय लगातार चल कर दूसरी ओर गया। और 17 वां अध्याय आरंभ हो गया... देखिए, यह बिल्कुल ठीक वही, उस पार। और वह इंडिया कागज बहुत ही पतला, आपस में चिपका हुआ था, और मैं 17 वें अध्याय को पढ़ रहा था सारे समय, बजाये 16 वे अध्याय के।

37 और मैंने सोचा, "परमेश्वर आपने यह क्यों किया? अब वहां पर ऐसी बात क्यों हुई? " मैं यह अनुभव कर रहा था आप जानते हैं यह देखते हुए कि यह सब क्या था, क्योंकि मैं सोचता कुछ भी अचानक नहीं घटता। और मैं यहां इस भाई को तसल्ली के विषय में सोच रहा था, आते हुए, मुझसे कह रहा था, "'धैर्य रखो,' वह एक पादरी होने के नाते, 'धैर्य रखो हो सकता है, परमेश्वर कुछ करने जा रहा हो,'" या कुछ इसी प्रकार से। और मैंने सोचा, "यह कैसे हो सकता है? "

38 और तब, वहां बैठे हुए, स्वर्ग के धमाके के समान यह मेरे पास आया। अब, यह तुम्हारे लिए कोई अर्थ नहीं निकालता, परंतु यह मेरे लिए निकालता है, देखा।

39 मुझे स्मरण है, लुका के 4थे अध्याय में कि यीशु नासरत के आराधनालय में गया, जहां वह पाला पोसा गया था, जैसा कि उसकी रीति सबत के दिन कलीसिया... आराधनालय में जाने की थी। और जब वह गया, हम वहां देखते हैं कि याजक ने उसे बाईबल यानी, कुण्डलित को दिया। यीशु, उस कुण्डलित को देख रहा था और एक विशेष स्थान यशायाह 61 को ढूंढा, और उसने पवित्र लेख को पढ़ा। फिर उसने बाईबल वापस सेवक को दे दी। और जैसे की वह सभा की ओर घूमा, तो सारी आंखें उस पर लगी हुई थी। और उसने कहा;

*... आज के दिन* यह पवित्र लेख *पूरा हुआ...*

40 और हम जानते हैं कि इस पवित्र लेख को पढ़ना कितना असाधारण था, क्योंकि उसने केवल पहले और दूसरे पद का एक भाग पढ़ा, यशायाह 61:1 और 2। परंतु उसने यहां तक पढ़ा जहां, "प्रभु का आत्मा मुझ पर है, कि टूटे हुए ह्रदयो को जोडू और बीमार को—को चंगा करूं (दू) और अंधी आंखों को खोलू, और प्रभु के प्रसन्न रहने के वर्ष प्रचार करूं," और तब वह रुक गया। क्योंकि अगला न्याय का आना था; यह उसके दूसरे आगमन पर लागू होगा, पहले वाले आगमन पर नहीं। और वह रुका, और घूमा, और कहा, "आज के दिन यह पवित्र लेख पूरा हुआ।" यह कितना सीधा था!

41 और यह—यह क्या ही एक—एक बयान था शिक्षकों के लिए और उन लोगों के लिए जो उपस्थित थे, कि वह इसे लोगों को स्पष्ट कर सका, "आज के दिन यह लेख पूरा हुआ।" क्योंकि यहां वह मसीहा था, तब

भी उन्होंने इसका विश्वास नहीं किया। वह यहां पर था, उस घड़ी के लिए चुना हुआ अभिषिक्त। उसकी सेवकाई की हर छोटी घटना, उसके जन्म से, उससे यह सिद्ध हुआ कि वह कौन था, और तब भी वे इसका विश्वास नहीं कर सके। क्या ही कथन है! परंतु आज वह यह कह सकता है...

42 और यदि एक व्यक्ति उनकी आंखें खोल दें, वे जान सकते थे, जानते कि वे किस दिन में जी रहे हैं, क्योंकि वह उसका समय था क्योंकि वह ठीक वहां, ठीक उन्हीं कार्यों को कर रहा था, जो पवित्र लेख सारे भविष्यवक्ताओं ने, कहा था कि यह उस दिन में घटित होगा। यहां वह ठीक उन्हीं कार्यों को कर रहा था जिनकी परमेश्वर ने भविष्यवाणी की थी कि यह घटित होंगे! वे कैसे इसे देखने में चूक गए? उन्हें एकदम मालूम हो जाना चाहिए था, देखते हुए कि उसकी सवकाई क्या थी। वहां मसीहा है। वे इसे जान जाते क्योंकि उसने कहा, "यह पवित्र लेख पूरा हुआ।"

43 मैं आज के विषय में सोचता हूं। और ध्यान दें वह क्या था जो एक—एक याजक के समान वचन दिया। वचन पढ़ा गया वापस याजक को लौटा दिया गया। और मेरे मूल पाठ में से अंतिम संदर्भ जो मेरे पास था, और मेरे लेख लिखे हुए थे, लुका 17:30, जहां, यीशु इन दिनों का जिसमें हम रह रहे है उल्लेख कर रहा था, "धनी लोदिकिया युग," और तो भी राजनीति में सड़ाहट, कलीसिया की राजनीति और राष्ट्रीय राजनीति उतनी ही सड़ी हुई है जितनी हो सकती हैं। और तब उसने कहा, "जैसा कि लूत के दिनों में था, ऐसा ही यह आने वाले अंत समय में होगा," ध्यान दें उसने वहां क्या कहा, "उस दिन में जब मनुष्य का पुत्र प्रगट होगा।"

44 देखिए, "उन दिनों में जब मनुष्य का पुत्र प्रगट होगा!" मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

45 देखिए वह तीन नामों में आया। वह एक मनुष्य के पुत्र में पुत्र के समान आया, जो कि भविष्यवक्ता था। और उसने वही किया उसने अपनी सेवकाई को सिद्ध किया, एक भविष्यवक्ता होने के द्वारा। हम सब यह जानते हैं। हम में से हर एक यह जानता है। उसने कभी नहीं कहा कि वह परमेश्वर का पुत्र है; उसने कहा वह मनुष्य का पुत्र था। अब आज, वह परमेश्वर का पुत्र है, जो कि वह वापस आया है, और अब वह पवित्र आत्मा के रूप में है, ना दिखाई देने वाला व्यक्ति; परंतु फिर भी, परमेश्वर, परमेश्वर का पुत्र। सहस्त्रशताब्दी में, वह अपने पिता के सिंहासन पर बैठता है, जबकि, वह

दाऊद का पुत्र होगा। उसने स्वयं को पहले एक मनुष्य के पुत्र के रूप में प्रकट किया, एक भविष्यवक्ता; इस युग में, कलिसियाई युग में होते हुए, मनुष्य का पुत्र... यानी परमेश्वर का पुत्र; और दूसरे युग में दाऊद का पुत्र। तीन पुत्र!

46 परन्तु आप यहां ध्यान दें, उसने कलीसियायी युग की समाप्ति पर की ओर कहा, कि इसमें इतनी गड़बड़ी उत्पन्न होगी, जब तक कि वह स्वयं को फिर से मनुष्य के पुत्र के रूप में प्रकट करेगा, "जब मनुष्य का पुत्र प्रकट किया जा रहा होगा।" वह कितना उपयुक्त था जो कल गड़बड़ हो गया! और मैं आशा करता हूं कि आप इसमें चूकते नहीं है।

47 हमारे पास परमेश्वर के पुत्र का प्रकाशन था, परंतु अंतिम प्रतिज्ञा जो अब्राहम के पास थी इससे पहले की पुत्र बनाया गया था... या प्रकट रूप में लाया जाता, वही जिसकी उसने प्रतिज्ञा की थी; इससे पहले की प्रतिज्ञा का पुत्र दर्शाया गया, परमेश्वर ने स्वयं को वहां सादोम में एक भविष्यवक्ता के समान, देह में एक मनुष्य होने के द्वारा प्रकट किया, परमेश्वर। एलोहिम, थोड़ी देर पहले कोई बोल रहा था मैंने सुना, जो कि परमेश्वरत्व देह में उसके अंदर था। वह परिपूर्णता था। एलोहिम परमेश्वरत्व की परिपूर्णता, देह संबंधित। और हम वहां पर ध्यान देते हैं, जब लूत ने देखा... जब अब्राहम ने उसे आते हुए देखा उसने कहा, "मेरे प्रभु।" वहां वे तीन थे। और नीचे सादोम में लूत ने दो को देखा और कहा, "मेरे प्रभुओं," प्रकाशन की कमी। इसलिए ध्यान दें वहां क्या हुआ, जब वह आया तो उसने अपने आप को कैसे प्रगट किया।

48 क्या हम नहीं कर सकते, क्या मैं यह नहीं कह सकता यदि यह ठीक मेरी नाक के सामने हो रहा हो, देखिए, भाई ने भविष्यवाणी की, जब उसने मुझसे कहा, उसने क्या किया! आज के दिन! ध्यान दें पवित्र लेख के पढ़ने के पश्चात उसने क्या किया। "मनुष्य के पुत्र के दिनों में," एक मनुष्य नहीं ना कि एक मनुष्य जाति विशेष, "मनुष्य का पुत्र स्वयं को अपने लोगों के मध्य में फिर से प्रकट करेगा।" आज के दिन यह प्रतिज्ञा इस घड़ी की, अब जिसमें हम जी रहे हैं सबकी आंखों के सामने पूरी हो गई। वो तुरंत सभा की ओर घुमा, और वहां दस या बारह, जितने भी लोग वहां पर थे, अपरिचित, उसने वही चीज करी जो उसने सादोम में किया। आज

के दिन क्या यह पवित्र लेख आपके सामने प्रकट हुआ। यह आपके सामने सत्य बना।

49 तो फिर मेरे भाई, बहन प्रतिनिधियों, सेवको, हम जो भी यहां पर है परमेश्वर के बालक, तो हम उस के आगमन के कितने समीप है? यदि हम अब उस पवित्र लेख को देख रहे हैं उससे थोड़ा पहले जब आग सादोम में गिरी, और उसे भस्म कर दिया और आज के दिन के समान और यह पवित्र लेख को आंखों के सामने पूरा होते हुए देखते हैं, तो हम परमेश्वर के पुत्र के आगमन के कितने समीप है? पवित्र वचन का प्रकटीकरण कितना समीप है, जैसे कि उसने अब्राहम के द्वारा किया, कलीसिया को प्रतीक में से होते हुए ला रहा है, जो कि उसने कलीसिया से प्रतिज्ञा की है! और अब हम अब्राहम के शारीरिक वंश को पाते हैं, कि वे कैसे असफल हो गए। परंतु अब्राहम का शाही वंश, जो कि प्रतिज्ञा किए हुए वचन पर विश्वास के द्वारा है, अब आज इस पृथ्वी पर प्रकट हो रहा है। हम अंत के समय में है, मेरे भाई, बहन। हम अंत के समय में है।

50 और हमारे पास दूसरा नमूना नहीं है। मेरे पास पवित्र वचन का नमूना है क्योंकि मेरे पास पर्याप्त शिक्षा नहीं की शब्दों और बातों को लाऊं। मैं एक नमूना बनाता हूं। परंतु यदि मैं प्रतिछायाओं... मैं देखता हूं यदि मैंने अपना हाथ कभी ना देखा होता, और छाया देखता, तो मैं जानता कि मेरे पास पांच उंगलियां है। और इसी प्रकार से आपको पवित्र वचन के पुराने नियम में नमूनों को देखना है। यह क्या करता है? यह इसकी पहली छाया को दिखाता है। और यीशु ने कहा सदोम अंत समय की पहले से आई हुई छाया है। और वही पवित्र वचन जिसकी सदोम से प्रतिज्ञा की गई थी, और वही लेख जो सदोम में घटित हो रहा था, जिसको कि यीशु ने कहा यह स्वयं को फिर से दोहरायेगा, इस दिन में, यह ठीक हमारे सामने इस दिन में जाना जायेगा।

51 परमेश्वर आपको अशीष दे। इसमे चुके ना। और यदि मैं आपको यहाँ अगले वर्ष ना देंखुं; जब वे सुनहरे सीढियों पर चढ़ते है, तो मैं आशा करता हूँ कि आपसे वहां मिलूँगा। परमेश्वर आपको आशीष दे।

[सभा तालियां बजाती है। एक बहन अन्य भाषा में बोलती है, और उसके बाद वो अनुवाद को करती है। एक भाई माइक के पास आता है और *वो जल्द आ रहा है* गाते हुए सभा की अगुवाई करता है, और रुक–रुक

कर समालोचना को करता है। टेप पर खाली स्थान। भाई *वो जल्द आ रहा है* गीत को गाना जारी रखता है, और रुक–रुक कर समालोचना करता है। टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

52 पिता हम... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] वचन के अनुसार, हम हमारे सामने अंतिम चिन्ह और प्रतिछाया को प्रकट होते हुए देखते है। यीशु मसीह के वचनों ने ऐसा ही कहा है। जैसा यह सादोम में था, हम संसार को इसी स्थिति में देखते है हम कलीसिया को उस स्थिति में देखते है। हम उस—उस चुने हूओ को कलीसिया में से बाहर बुलाया हुआ देखते है; जीवन, जो उन स्थानो में है, बाहर निकलकर बीज का रूप धारण कर रहा है। हम प्रार्थना करते है, स्वर्गीय पिता कि हम एकदम जाग उठेंगे।

53 जैसा कि एक भाई ने अभी कहा, उसने अपने सामने देखा, और जब उसने अपनी ऑखें बंद की हुई थी उसके सामने से आम जनता जा रही थी। ओह परमेश्वर, हम अनुभव करते है कि अब भी भीड़ की भीड़ इसके संपर्क में नहीं है। प्रिय परमेश्वर, मदद कीजिये। होने पाए कि हम इस बेदारी सभा से अपने ह्रदय में एक ऐसी चेतावनी के साथ जाए, यह जानते हुए कि आज के दिन पवित्र लेख पूरा हुआ। यीशु के नाम में। आमीन।

54 [भाई देमास शेकेरियन बोलते हैं, "हाल्लेलुय्या। हमारे संपादक, जेरी जेनसेन, क्या आप यहां ऊपर आएंगे? उनकी—उनकी सास बेहोश है। उन्हें अभी–अभी खबर मिली है। और वे सुसमाचार के सेवक है, फोर सेवक गण। क्या हम लोग थोड़ा... वह है, मैं जानता हूं कि उनके ह्रदय पर भारी बोझ है। और बस... "—सम्पा।] अभी–अभी मिला है, अभी–अभी सुना अभी? ["जी हां।"] क्या वे यहां है? ["नहीं, वह लोस एन्जलस में है। अवचेतनावस्था में है।"]

55 परमेश्वर के लिए दूरी कोई अर्थ नहीं रखती। वह सर्वव्यापी है। उसे परमेश्वर होने के लिए। कुछ ऐसी महान बातें जो मैं जानता हूं की गई है, मेरी नम्र सेवकाई में, फोन द्वारा की गई है या कोई बुला रहा है, महान बातें घटित हुई है। आइए हम एक साथ इस बात में सहमत हो कि परमेश्वर इन लोगों को चंगा करेगा जो बीमार है।

56 प्रिय स्वर्गीय पिता, हम इन्हें आपकी उपस्थिति में लाते हैं, प्रार्थना के द्वारा। हम जानते हैं कि एक रात्रि एक चेला था जिसके अपने सारे कार्यक्रम बंद कर दिए थे; वह जेल में था और अगले दिन उसका सिर काटा जाना

था। वहां यहून्ना मरकुस के घर उनकी एक प्रार्थना सभा थी, और ठीक वहां भीतर वाले कमरे में वहां वही अग्नि स्तंभ आया जो इस्राएल के बालकों के पीछे–पीछे चला था, या इस्राएल के बालकों ने इसका अनुकरण किया उस सारे जंगल में होते हुए; सीधा भीतर–भीतर आया, उस प्रार्थना सभा के कारण और सारे दरवाजे खुल गए, और चेले को बाहर फिर से गली में ले आया, सेवक को उस सेवकाई के लिए स्वतंत्र कर दिया।

57 हम समझते हैं कि यह सेवकगण, मिशनरी लोग अब बंधन में है, वे—वे यहां तक कि अवचेतना अवस्था में है। प्रभु, आप कल, आज, और सर्वदा एक से है। आज रात्रि हमारी प्रार्थना सुन ले, ओह परमेश्वर। आपने कहा, "जब तुम प्रार्थना करते हो तो विश्वास कर लो कि जो तुमने मांगा पा लिया है, तो तुम्हें दे दिया जाएगा।" प्रभु हम यीशु के नाम में विश्वास और प्रार्थना करते हैं, कि आप इन्हें चंगा करेंगे, प्रभु, अपनी महिमा के लिए। यह कहा गया और मांगा गया है, अब इसे होने दे। आमीन।

58 परमेश्वर आपको आशीष दे टेड। आप उसके साथ विश्वास करें। [भाई जैरी जेन्सेन कहते हैं, "आमीन।"—सम्पा।]

भाई देमास।

59 [भाई देमास शेकरियन कहते हैं, "धन्यवाद, भाई ब्रन्हम; जैरी। परमेश्वर की स्तुती हो। मैं बस जल्दी से चाहूंगा कि वे लोग खड़ा खड़े हो जाये। भाई आर्गनब्राइट, अंतर्राष्ट्रीय निदेशकों में से एक; खड़े हो जाये, भाई मिनर। जैक मूर, खड़े हो जाये। क्लिफोर्ड फोर्ड। डोरफ्लिन, जो सिएटल से है। चार्ल्स कर्नल यंग। इनोक क्रिस्टोफरसन, टरलॉक। जेस वाइनमोर। इके, अकामाइन, हवाईन द्वीप से है। ओह, यह कितना आशीषित है! उस दिन उसने हमारी प्राणों को किस तरह से आशीषित किया। मैं उससे प्रेम करता हूं। वो हमारे संयुक्त राज्य के राजदूत हैं जिन्होंने सात राष्ट्रपतियों के नीचे काम किया है, गेराल्ड रोल; विलियम रोल, परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई। डॉक्टर रे मार्लिन... ? ... ! परमेश्वर आशीष दे, रे... ? ... ! अर्ल प्रिकेट।"—सम्पा।]

60 [भाई शेकरियन कहते हैं, "और भाई ब्रन्हम को उनके नाम पर सम्मानपूर्ण सदस्यता, आजीवन सदस्यता, पूर्ण रूप से प्रदान की गयी थी। और उन कुछ में से एक जिसे कई वर्ष पहले निदेशक मंडल द्वारा वोट दिया गया था।"]

आपका धन्यवाद, भाई।

61 [भाई शेकरियन कहते हैं, "और कार्ल विलियम्स, जो उससे बहुत प्रेम करते थे।"]

62 [भाई शेकरियन कहते हैं, "और भाई हेनरी क्रूस जो हल के निर्माणकर्ता है। ज्वेल रोस, हमारे सचिव–कोषाध्यक्ष। किसान, फ्रैंक फोग्लियो, में... ? ... और मैं *आपके* विषय में नहीं सोच सकता; मैं नहीं सोच सकता।" एक भाई कहता है, "यह डेरिक फ्रेडो है।" भाई शेकरियन कहते हैं, "ओह, भाई डेरिक... ? ... , हम उसकी सेवकाई की किस तरह से सराहना करे! ओह, और बहुत ही अच्छा, और—और बहुत कुछ! केनडा, पूर्वी कनाडा से डॉ. स्टेनली।"]

63 [भाई शेकरियन कहते हैं, "भाई हावर्ड एर्विन, आपको वहां पीछे देखते है, हावर्ड एर्विन। और हमारे पास बस आपका... क्या यह आंटी थी... ? ... हमने अभी–अभी उसे खड़ा किया था, हावर्ड, जब आप युवा लोगों के साथ थे।"]

64 [भाई शेकरियन कहते हैं, "और मैं बीस साल पहले भाई ब्रन्हम की उस तस्वीर को देखना चाहता हूं।"] हुंह!

65 [भाई शेकरियन कहते हैं, "भाई नॉरवुड, कैनसस सिटी से भाई नॉरवुड है। कोलोराडो से भाई बेन स्मार्ट। लॉस एंजिल्स से हर्बर्ट बॉन्ड है, जो लॉस एंजिल्स खंड के निदेशकों में से एक है, वहां बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। और फ्रेड वाटसन, वहाँ कोने पर पर बैठे हुए पास्टर। यहाँ आर्ट विल्सन है, और हमारे पास उनके लिए यहाँ पर्याप्त जगह नहीं थी, इसलिए वे सभी महिलाओं के साथ बैठ गए। और यहां की सभी महिलाएं निर्देशकों की पत्नियां हैं। और आप सारे अद्भुत लोग!"]

66 [भाई शेकरियन कहते हैं, "क्या मैं किसी को भी भूला हूँ? कुछ अन्य निदेशकों को कल घर जाना था। डेरेल होन... ? ... जाना पड़ा। तो आइए इन पुरुषों को देखते हैं हम उनके सारे प्रयासों की सराहना करते हैं।" भाई लोग कहते हैं, "आपका धन्यवाद। आपका धन्यवाद।" सभा के लोग ताली बजाते है। भाई शेकरियन कहते हैं, "आमीन। और मैं किसी को नहीं भुला हूँ।"]

67 [भाई शेकरियन कहते हैं, "भाई ब्रंहम। यहाँ आये, भाई ब्रंहम। आप इस व्यक्ति को पहचानते हैं? "]

नहीं, श्रीमान। उन दिनों से भी भाई बहुत बदलाव है, भाई।

[भाई शेकरियन कहते हैं, "यहाँ आये, हावर्ड।"]

68 [भाई शकरियन कहते हैं, "वो एक बहुत ही खुबसूरत व्यक्ति था, और वह अभी भी खुबसूरत है, भाई ब्रंहम। और यह एक अच्छी तस्वीर है।"]

69 [भाई शेकरियन कहते हैं, "और हमने आपकी आंटी को भी थोड़ी देर पहले खड़ा किया था। और हो सकता है आप कुछ शब्द कहना चाहेंगे, हावर्ड।"]

70 [भाई हावर्ड एर्विन कहते हैं, "बारह से पंद्रह वर्ष पहले के बीच, मौसी एडिथ जो रायनौद की बीमारी से चंगी हो गई थी, जिसे मैं समझता हूं कि चिकित्सकीय रूप से लाइलाज है। मैं नहीं जानता कि भाई ब्रंहम ने आपको परिस्थितियों के बारे में बताया है या नहीं। और मैं सोचता हूँ कि क्या मैं ऐसा करने में बस कुछ क्षण लगा सकता हूँ। *यह* उसका कार्ड है जो उसे चंगाई की पंक्ति के लिए मिला था। वह कभी भी चंगाई की पंक्ति में नहीं आई। वो यहां फीनिक्स के सभागार में दूसरी कतार में बैठी हुई थी। भाई ब्रंहम ने अपने ह्रदय से प्रचार किया था, लोगों के लिए प्रार्थना करके बहुत थक गये थे। लेकिन अचानक उन्होंने उसकी ओर देखा, सीधे उसकी ओर देखा, और कहा, 'यदि आप चाहती है तो आप चंगी हो सकती हैं।' और वह उस सभा से बाहर गई, और चंगी होकर, और अब तक चंगी है।"]

71 [भाई शेकरियन कहते हैं, "यह एक लाइलाज बीमारी थी। क्या ऐसा नहीं था? "]

72 [भाई एर्विन कहते हैं, "जी हाँ। मैं समझता हूं कि बीमारी लाइलाज थी। और हमारे चिकित्सक यहां मुझे जांचेंगे; मैं दवा लेने वाला एक आम मनुष्य हूँ। लेकिन मैं समझता हूं कि यह नसों की बीमारी है, जो एक कुष्ठ रोग के समान ही प्रभावित करती है। नसें जाम हो जाती हैं—लहू का प्रवाह बंद हो जाता है, और अंततः उंगलियां सड़कर और अलग होने लगती हैं। पूर्व में सर्जन का एक मेडिकल ऑपरेशन था, उन्हें बताया कि वे ऑपरेशन कर सकते हैं, और वो *यहाँ* एक नस को काटना था; लेकिन, यदि उन्होंने किया होता था, तो वो एक मुर्झायी हुई रही होती। लेकिन परमेश्वर ने अपने पराक्रम से उसे चंगा किया है, और वह आज चंगी हो गई है।"]

73 [भाई शेकरियन कहते हैं, "आइये बस उसे फिर से खड़ा करेंगे, वो वहां पीछे है।"]

[भाई एर्विन कहते हैं, "क्या आप खडी हो जायेगी, आंटी एडिथ? "]

74 [भाई शेकरियन कहते हैं, "और वहाँ है यह, बीस वर्षो के बाद।" भाई एर्विन कहते हैं, "पंद्रह वर्ष पहले।" भाई शेकरियन कहते हैं, "पंद्रह वर्षो के बाद।" भाई एर्विन कहते हैं, "पंद्रह वर्ष पहले।"]

75 धन्यवाद प्रभु! एक व्यक्ति है जिसे उन्होंने छोड़ दिया है। हम भाई शेकरियन की सराहना करते है। क्या हम नहीं करते? हम में से प्रत्येक! [सभा तालियां बजाती है—सम्पा।]

[टेप पर खाली जगह—सम्पा।]... यीशु की समान बनूं,
धरती पर... उसके समान बनूं;
सारे जीवन की यात्रा के दौरान, धरती से महिमा तक,
मैं यही मांगता हूँ, उसके समान बनूं।

आइये प्रार्थना करे।

76 स्वर्गीय पिता, हम आज रात की कल्पना कर सकते हैं कि आप एक बार दीवार के किनारे खड़े थे और लोगों को वहां आते देख रहे थे, और परमेश्वर के भण्डार में डालते हुए। और अपने देखा कि यह विधवा कुछ ही पैसे लेकर वहां आती है, बस कुछ ही पैसो का दशमांश लेकर, शायद घर में कुछ बच्चे थे, लेकिन उसे राज्य में दिलचस्पी थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि इसकी आज रात फिर से कॉपी या उल्लेख किया गया है। बहुत से लोग रहे हैं जिन्होंने यहाँ डाला है, इस दान में उन्हें यहां जो कुछ मिला है, क्योंकि ये हमारे साम्हने ऐसा रखा गया है, कि आवश्यकता है, और हमारे ह्रदय इसी में है, पिता।

77 मैंने हमेशा ही सोचा है, हो सकता है मैं वहाँ खड़ा होता था, तो मैं उस विधवा को देख रहा होता था, तो मैं उसके पास दौड़ कर आया होता था और कहता, "ऐसा मत करो बहन। हमें—हमें इसकी आवश्यकता नहीं है।" लेकिन शायद ये गलत होता। आपने उसे ऐसा नहीं करने के लिए कभी नहीं कहा। आप बस खड़े रहे और उसे ऐसा करते हुए देखा, क्योंकि आप उसके ह्रदय से जानते थे, आप उसे उसके लिए चुकाएंगे।

78 पिता, मैं जानता हूँ कि आप आज रात यहां स्थापित हर दिल के इरादों को जानते हैं, और ये किस के लिये है। यह राज्य के लिए है, प्रभु, कि... यह काम जिसका हम बहुत अच्छी तरह से आनंद ले रहे हैं, और यह संगति,

प्रभु, संसार के सारे बड़े–बड़े संप्रदायों की। हम महसूस करते है कि आज रात यहां परमेश्वर की उपस्थिति में होने के लिए हम क्या ही सौभाग्यशाली लोग हैं, यह महसूस करते हुए कि यह महान वचन सामने आ रहा है और प्रकट हो रहा है, साबित करते हुए कि परमेश्वर हमारे बीच में है!

79 परमेश्वर, यहां हर एक को उनकी आवश्यकता के अनुसार देना। अब हम प्रार्थना करते हैं कि आप दान को उसके नियत उपयोग के लिए आशीष दीजिये। हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

परमेश्वर आपको आशीष दे।

***आज के दिन पावित्रशास्त्र का यह लेख पूरा हुआ*** HIN65-0125

(This Day This Scripture Is Fulfilled)

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में सोमवार शाम, जनवरी 25, 1965, को फुल गॉस्पेल बिजनेस मेन्स फेलोशिप अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए रमाडा इन में, फीनिक्स, एरिजोना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2021 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

## कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org